हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

(अष्टम् सत्र)

लिखित उत्तर हेतु प्रश्न

शुक्रवार, 27 मार्च, 2015/6 चैत्र, 1937 (शक्)

[मुख्य मंत्री - खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री - उद्योग मंत्री - आबकारी एवं कराधान मंत्री तथा ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री].

कुल प्रश्न - 8

चम्बा-तीसा राज्य मार्ग

826 **श्री हंस राज (चुराह):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि चम्बा से तीसा सड़क को राज्य राजमार्ग का दर्ज़ा दिया गया है; यदि हां, तो क्या यह मार्ग इस मापदण्ड को पूरा करता है; विवरण दें; और

(ख) सरकार क्या चम्बा-तीसा सड़क पर आने वाली गतीघार मधुबाड घार व सरेला घार (Sliding Zones) के बचाव करने हेतु जनहित में क्या-क्या पग उठा रही है; विवरण दें ?

शिक्षा प्रेरकों के मानदेय में बढ़ौतरी

827 **श्री हंस राज (चुराह):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) वर्तमान में प्रदेश में कितने शिक्षा प्रेरकों को प्रौढ़ शिक्षा के लिए लगाया गया है; ब्यौरा दें;

(ख) चुराह विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत कितने शिक्षा प्रेरक कार्यरत हैं; ब्यौरा पंचायतवार दें; और

(ग) सरकार इन शिक्षा प्रेरकों का मानदेय बढ़ाने का विचार रखती है ?

बी0 आर0 सी0 सी0 को हटाना

828 **श्री हंस राज (चुराह):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) जिला चम्बा में दिनांक 1.1.2012 से 31.12.2014 तक कितने बी० आर० सी० सी० को सर्व शिक्षा अभियान से हटाया गया; ब्यौरा खण्डवार दें; और

(ख) हटाये गए अध्यापकों को क्या जिला में ही रखा गया है?

लाडा के अन्तर्गत धनराशि

829 **श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षों में कुल्लू जिला की विभिन्न छोटी बड़ी विद्युत परियोजनाओं ने लाडा के अन्तर्गत कितनी-कितनी धनराशि जमा की है और कितनी जमा करनी शेष है; ब्यौरा परियोजनावार दें; और

(ख) कितनी धनराशि किन-किन कार्यों पर व्यय की गई; कितनी शेष है ?

विकास कार्य हेतु धनराशि

830 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू) :**
श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली) :

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि जिला कुल्लू, कांगड़ा व सोलन में जनजातीय लोग वहां के स्थायी निवासी बन गए हैं;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार ने कोई सर्वेक्षण करवाया है कि कितने प्रतिशत लोग रहते हैं; और

(ग) सरकार क्या इन जिलों में जनजातीय लोगों की प्रतिशतता के आधार पर विकासात्मक कार्य हेतु धनराशि का प्रावधान करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण ?

पर्यटन को बढ़ावा

831 **श्री किशोरी लाल (बैजनाथ)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि सरकार पर्यटन को प्रदेश में जलाशयों के माध्यम से बढ़ावा देने की योजना बना रही है; और

(ख) यदि हां, तो क्या ऐसी कोई योजना सरकार के विचाराधीन है; ब्यौरा दें ?

बस रूट में तबदीली

832 **श्री विनोद कुमार (नाचन)ः**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि हिमाचल पथ परिवहन निगम की बस शिमला से गोहर वाया नेरचौक को वाया गागल किया गया है; और

(ख) यदि हां, तो कारण ?

DPR of Roads/Bridges

833 **Smt. Sarveen Chaudhary (Shahpur):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that from 1.1.2013 to 31.1.2015 how many DPRs of Roads and Bridges have been prepared by the Public Works Department under Shahpur Assembly Constituency and what is the latest position of these works?

Shimla : 171004. **Sunder Singh Verma,**
Dated: 11th March, 2015. **Secretary.**